**प्रेस नोट-**
**दिनांक 14.03.2025**

**रंगोत्सव/होली पर्व के दौरान जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा जनपद में भ्रमणशील रहकर अधीनस्थों को ब्रीफ कर जनपद वासियो एवं ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को होली पर्व की दी गई शुभकामनाए**

रंगोत्सव/होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने हेतु आज दिनांक 14.03.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद में भ्रमणशील रहकर जनपद वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। महोदय द्वारा जनपद के सभी नागरिकों से अपील की गई कि सभी लोग होली का पर्व सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। कोई व्यक्ति वर्ग ऐसा कार्य ना करे जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हों तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो। साथ ही महोदय द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को होली की शुभकामनाएं देते हुए भ्रमणशील रहकर लगातार पैट्रोलिंग करते रहने तथा सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपदीय पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में स्थित निर्धारित स्थानों, हाइवे, अंतर्जनपदीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।

**मीडिया सेल, गोण्डा**